बरेली, शनिवार
2 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. : 07 Middle

रिद्धिमा के हॉल में सजी संगीत की संध्या

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 Oct): एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में शुक्रवार को संगीत संध्या का आयोजन किया गया. जिसमें सुप्रसिद्ध सितार वादक शाकिर परवेज खान ने अपनी कला का प्रदर्शन किया. शाकिर खान इटावा घराना से ताल्लुक रखते हैं. कार्यक्रम शुरू होने से पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने उस्ताद शाकिर परवेज खान को पौधा भेंट स्वरूप प्रदान कर उनका स्वागत किया. संगीत संध्या की शुरुआत उस्ताद शाकिर परवेज़ खान साहब ने राग रागेश्री के साथ की जिसमें तबले पर रिद्धिमा गुरु दीपक सहाय ने उनका साथ बखूबी निभाया. उनके द्वारा कोमल निषाद रागेश्री राग पर सितारवादन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देवेंद्र खंडेलवाल, गुरु मेहरोत्रा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि रहे.